newsjankalyanseva@gmail.com www.jksnews.com

# जनकल्याण सेवा

साप्ताहिक

ठाणे | वर्ष - २२ | अंक - ११ | ३ से ९ अप्रैल २०२३ | पृष्ठ - ४ | कीमत : २ रु. | Postal Reg. No. PLG/08/2022-2024

संपादकीय



संपादक सीमा गुप्ता

## भ्रष्टाचारियों पर कानून की पकड़

प्रशासनिक अधिकारियों को भ्रष्टाचार की शह राजनीतिक नेतृत्व से मिलती है। जब भी आय से अधिक संपत्ति जमा करने के किसी मामले में जांच होती है, तो उसके तार सत्तापक्ष के लोगों से भी जुडे नजर आते हैं। यह उजागर तथ्य है कि भ्रष्टाचार की जड़ें अफसरशाही में ही पनपती हैं। इसीलिए अधिकारियों की आय और संपत्ति आदि का नियमित मूल्यांकन करने की व्यवस्था है। इसके लिए बकायदा कानून और दंड के प्रावधान हैं। उन्हें हर साल अपनी आय और संपत्ति का ब्योरा देना होता है। मगर हकीकत यह है कि बहुत सारे अधिकारी इन नियम-कायदों को धता बताने से बाज नहीं आते। इस मामले से जुडी संसद की स्थायी समिति ने बताया है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के करीब चौदह सौ अधिकारियों ने पिछले ग्यारह सालों से अपनी आय और संपत्ति से संबंधित ब्योरा पेश नहीं किया है। अब सरकार ने अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारियों से शेयर बाजार में निवेश और उससे होने वाली आय का विवरण भी जमा कराने का आदेश दिया है। अगर किसी अधिकारी की शेयर बाजार में निवेश से आय उसके छह माह के मूल वेतन से अधिक है, तो उसके लिए उसका विवरण जमा कराना अनिवार्य होगा। यह नया नियम भी उन्हीं पुराने नियमों में जुड गया है, जो ब्रिटिश जमाने से चले आ रहे आय और संपत्ति से जुडे कानून हैं। इसलिए भ्रष्ठ अधिकारियों पर इस नए नियम का कितना मानसिक दबाव बन पाएगा, दावा नहीं किया जा सकता। प्रशासनिक अधिकारियों के भ्रष्टाचार करने के तरीके उजागर हैं। हर सरकार भ्रष्टाचार समाप्त करने का दम भरती है, मगर अधिकारियों के आचरण पर उसका कोई असर पड़ता नजर नहीं आता। वे गलत तरीके से धन और संपत्ति जमा करने के रास्ते निकाल ही लेते हैं, यहां तक कि उन्हें छिपाने की जगहें भी। तबादले वगैरह का भी उन पर बहुत असर नहीं पड़ता। ऐसे में संसद की स्थायी समिति ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को सुझाव दिया है कि एक ऐसे तंत्र का गठन किया जाना चाहिए, जो अधिकारियों द्वारा पेश किए गए आय और संपत्ति के ब्योरों की जांच करे और उनकी वास्तविक कमाई का खुलासा करे। सुझाव अच्छा है, अगर ऐसा कोई तंत्र बनता है, तो शायद प्रशासनिक अधिकारियों के भ्रष्ट आचरण पर कुछ लगाम लगे। मगर उस नियामक तंत्र में भी जो अधिकारी-कर्मचारी होंगे, उनका आचरण कितना पारदर्शी होगा, कैसे दावा किया जा सकता है। फिर, ऐसा नहीं कि अधिकारियों के भ्रष्ट आचरण पर नजर रखने के लिए पहले से तंत्र नहीं है। आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग आदि उनके भ्रष्ट आचरण पर नजर रखते ही हैं। कुछ जगहों पर खुद प्रशासनिक अधिकारियों ने भी भ्रष्ट अफसरों पर नजर रखने के लिए अलग से तंत्र तैयार कर रखा है, जैसे उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक अधिकारियों का संघ हर साल भ्रश्ट अफसरों की सूची जारी करता है। मगर इन सबके बावजूद उनके आचरण में कोई बदलाव नजर नहीं आता। फिर यह भी एक प्रकट तथ्य है कि प्रशासनिक अधिकारियों को भ्रष्टाचार की शह राजनीतिक नेतृत्व से मिलती है। जब भी आय से अधिक संपत्ति जमा करने के किसी मामले में जांच होती है, तो उसके तार सत्तापक्ष के लोगों से भी जुड़े नजर आते हैं। मौजूदा केंद्र सरकार पिछली सरकारों के समय हुए भ्रष्टाचारों की पोल खोलने के इरादे से जांचों का सिलसिला चला रही है।

# धर्म के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए : मुजफ्फर हुसैन

**जेकेएस संवाददाता**

मीरारोड : कांग्रेस के कद्दावर नेता और महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष मुज़फ्फर हुसैन ने नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है की वह सरकारी एजेंसियों का खुलेआम दुरुपयोग कर रही है। पूर्व एमएलसी मुजफ्फर हुसैन ने कहा कि, केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज दबा रही है तथा सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। चार साल से कोल्ड स्टोरेज में



पड़ा केस अचानक राहुलजी के की मांग के बाद ऊपर आया और एक हफ्ते में फैसला आना, सरकार किसे बचाने की कोशिश कर रही है। अदानी ग्रुप और शैल कंपनीज के ऊपर सवाल उठाने और उसकी जॉइंट पार्लियामेंट्री कमिटी से जांच की मांग के बाद राहुल जी को दो साल की सज़ा होना। उसके बाद दूसरे ही दिन उनकी आनन फ़ानन में लोकसभा की सदयस्ता को रद्द कर देना, इसे क्या समझा जाये। यह घोर निंदा का विषय है और लोकतंत्र की सरासर हत्या है। ये २०००० करोड़ कहाँ से आये ? मोदी सरकार कराने से इतना घबरा क्यों रही है ?, ऐसा सवाल मुज़फ्फर हुसैन ने उठाए हैं। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसकी जांच करने की हिम्मत दिखानी चाहिए. वीर सावरकर को लेकर भायंदर में निकलने वाली गौरव यात्रा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि, गौरव यात्रा का स्वागत है लेकिन धर्म के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। हुसैन ने आगे कहा कि, देश की आज़ादी के लिए कोई एक दिन भी जेल में बिताया है तो वह हमारे लिए सम्मानिया है। वीर सावरकर एक स्वतंत्रता सेनानी थे, लेकिन धर्म के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। काजल हिंदुस्तानी के नया नगर को जिहादी नगर के

शेष पृष्ठ २ पर

# हिस्ट्रीशीटर ने फ्लैट में की लाखों की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

**मीरारोड** : जमानत पर छूटे एक ४६ वर्षीय हिस्ट्रीशीटर को काशीमीरा पुलिस ने चोरी करने के दस घंटे के अंदर फिर से गिरफ्तार कर लिया, जो २४ लाख रुपए से अधिक का सामान की लूट कर फरार होने की तैयारी में था। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान अब्दुल शेख उर्फ चिरा (४६) के रूप में हुई है, जो २३ से २६ मार्च के बीच काशीमीरा में ठाकुर मॉल के पास एक बंद अपार्टमेंट में घुस गया था. फ्लैट के ओनर अपने परिवार के साथ गोरेगांव में अपने रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। शेख ने नौ लाख रुपये नकद के अलावा १५.३५ लाख रुपये मूल्य के सोने और चांदी के आभूषण लूट लिए। शिकायत मिलने के बाद, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संदीप कदम की देखरेख में एपीआई-प्रशांत गंगुर्दे के नेतृत्व में क्राइम डिटेक्शन टीम ने तुरंत जांच शुरू की और शेख को नालासोपारा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी



के समय, शेख नई दिल्ली के पास अपने मूल गांव भागने की योजना बना रहा था। कदम ने कहा, यह वास्तव में एक बहुत ही पेचीदा मामला था। क्योंकि आरोपी मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करता है। आरोपी इमारत में पीछे की तरफ से अंदर आये। वो सीसीटीवी कैमरों को चकमा देने में कामयाब रहे थे और खिडक़ी की ग्रिल काटकर फ्लैट में प्रवेश किया था। टीम ने अपराधियों को

शेष पृष्ठ २ पर

# हिंदुस्तान की जनता ऐसे नेताओं को कभी माफ नहीं करेगी - रवि व्यास

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा रोड: विनायक दामोदर सावरकर के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लगातार बयानबाजी का जवाब देने के लिए महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी और शिवसेना (शिंदे गुट) ने पूरे राज्य में सावरकर गौरव यात्रा निकालने की घोषणा की है।यह गौरव यात्रा ३० मार्च से ६ अप्रैल के बीच पूरे राज्य में निकाली जाएगी। इसी सिलसिले में मीरा भायंदर शहर में यह यात्रा भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट रवि व्यास के नेतृत्व में २ अप्रैल यानि की रविवार को निकाली गई। शुक्रवार को एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस जिसमें एडवोकेट रवि व्यास, विधायिका गीता जैन व शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायक प्रताप सरनाईक मुख्य रूप से मौजूद थे। एडवोकेट व्यास के अनुसार कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी वीर सावरकर के खिलाफ लगातार अनाप-शनाप व अपमानजनक बयानबाजी कर रहे हैं, जबकि असलियत यह है कि राहुल गांधी ने ना तो कभी वीर सावरकर का इतिहास पढा और ना ही कभी असलियत जानने की कोशिश की। अपनी कुंठा को किसी महापुरुष



पर इस तरह से निकालने के तरीके की निंदा करते हुए रवि व्यास ने कहा कि हिंदुस्तान की जनता ऐसे नेताओं को कभी माफ नहीं करेगी। जिलाध्यक्ष के अनुसार कांग्रेस के इसी झूठ का खुलासा करने के लिए वह २ अप्रैल, रविवार को दोपहर १२:०० भायंदर पश्चिम स्थित सुभाष चंद्र बोस मैदान से काशीमीरा स्थित शिवाजी महाराज के पुतले तक सावरकर गौरव यात्रा निकालकर पूरे शहर वासियों को वीर सावरकर के त्याग, तपस्या और स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका के विषय में बताया। जिलाध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ साथ शहर के तमाम सामाजिक संगठनों आम जनमानस से भी अनुरोध किया था कि, वह गौरव यात्रा में बडी संख्या में भाग लें और कांग्रेस द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के लगातार अपमान का करारा जवाब दें। प्रताप सरनाईक ने कहा कि वह बचपन से वीर सावरकर की वीर गाथाओं को पढक़र बडे. हुए हैं और वह सावरकर का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। सरनाईक के अनुसार, एक तरफ उद्धव ठाकरे के पुत्र आदित्य ठाकरे और उनके बडब़ोले नेता संजय राऊत सावरकर का अपमान करने वाले राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा में भाग लेते हैं और दूसरी तरफ सावरकर का अपमान नहीं सहने की बात करते हैं, जनता इस दोहरे मापदंड को कभी स्वीकार नहीं करेगी।

# जाली दस्तावेज बनाकर लोन लेने का मामला हुआ उजागर, आरोपी पुलिस के शिकंजे में

वसई। शिकायतकर्ता के नाम से फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधडी कर विभिन्न बैंकों से लोन पर वाहन खरीदने वाले आरोपी को एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत क्राइम ब्रांच ३ की टीम ने पकडऩे में सफलता पाई है। यह कार्रवाई डीसीपी (क्राइम) अविनाश अंबुरे व एसीपी अमोल मांडवे के मार्गदर्शन में क्राइम ब्रांच ३ (पी.आई) प्रमोद बडाख की टीम ने की है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने शनिवार को दी है। पुलिस ने बताया कि २१ दिसंबर २०२२ से ११ फरवरी २०२३ को प्राप्त शिकायतकर्ता बाबासाहेब



लिंबराज ओव्हाल उम्र ३९ वर्ष का एक अज्ञात आरोपी द्वारा फर्जी पैन कार्ड व आधार कार्ड बनाकर शिकायतकर्ता के नाम से १) मुथुट फिनकार्य, २) एस आय फ्रेवा कॅपीटल ३) आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ४) कोटक प्राइम फाइनेंस ५) एलएनटी फाइनेंस ६) मास फायनान्स इन विभिन्न फाइनेंस कंपनियों से ५,२१,५८३ रुपये की की ठगी की है। साथ ही ऋणदाता वित्त कंपनी ने शिकायतकर्ता के पैन कार्ड और आधार कार्ड को सत्यापित किए बिना ऋण देकर शिकायतकर्ता के साथ धोखाधडी की है। इसलिय विरार थाने में कलम ४२०, ४६५, ४६८, ४७१, ३४ के तहत एफआईआर दर्ज किया गया। पुलिस के मुताबिक, पुलिस उपायुक्त (अपराध) व सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) द्वारा दिये गये निर्देश एवं आदेशानुसार अपराध शाखा द्वारा उक्त अपराध की समानांतर जाँच प्रारम्भ की गयी। प्रारंभिक जांच के दौरान, अपराध के आरोपियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए झूठे नाम और पते का इस्तेमाल किया था। जिससे उनका पता लगाना मुश्किल हो गया था। लेकिन लगातार फालोअप के बाद उनके तकनीकी विश्लेषण और गोपनीय मुखबिरों व प्राप्त जानकारी के माध्यम से अपराध के आरोपियों की तलाश की गई व आरोपी संजय बाला परब (४४) व मुस्ताक युसुफ बोहरा (५०) को हिरासत में लिया गया। उक्त आरोपी अपने अन्य साथियों से मिलीभगत कर विभिन्न नामों के नाम पर जाली दस्तावेजों का प्रयोग कर विभिन्न वित्तीय कंपनियों से ६,३०,००० रुपये के ऋण पर खरीदी गई विभिन्न कंपनियों की ९ मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं।

# गुटखेवाले को धमकाकर हफ्ता लेनेवाले कांस्टेबल व पत्रकार गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : मीरा भायंदर-वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस को एक बडी शर्मिंदगी को झेलना पड़ा। नवघर पुलिस स्टेशन में कार्यरत एक कांस्टेबल और एक बिचौलिए फ़र्ज़ी पत्रकार दोनों लोग रिश्वत लेने के आरोप में भ्रष्टाचार निरोधक दस्ते (एसीबी) के हत्थे चढ़ गए। महाराष्ट्र में प्रतिबंधित गुटखा उत्पादों की बिक्री की अनुमति देने के लिए रिश्वत की मांग की गई थी। शिकायतकर्ता का दावा है कि वह गुटखा बेचना बंद कर दिया है। लेकिन बिचौलिए अमित राकेश मिश्रा (२८) (जो की खुद को पत्रकार कहता है) और पुलिस कांस्टेबल अमित एकनाथ पाटिल (३८) की ओर से मासिक ८,००० रुपये की लगातार दूकान मालिक से मांग कर रहे थे। दोनों दो माह से १६ हजार रुपये की मांग कर रहे थे। बातचीत के बाद, मांग को घटाकर १०,००० रुपये कर दिया गया। शिकायत की सत्यता की



पुष्टि करने के बाद, पुलिस निरीक्षक स्वप्निल जुइकर के नेतृत्व में एसीबी की एक टीम ने जाल बिछाया और बिचौलिए को बुधवार को रंगे हाथों पकड़ लिया। जबकि बिचौलिए और कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया गया है और भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, उनका एक साथी संजय यादव अभी भी फरार बताया जा रहा है। इस घटना ने स्थानीय पुलिसकर्मियों और उनके निजी बिचौलियों की मासिक रिश्वत लेने और गुटखा विक्रेताओं को संरक्षण देने की संलिप्तता को उजागर किया है। उक्त कार्रवाई ठाणे डिवीजन की एन्टी करप्शन ब्यूरो के पुलिस इंस्पेक्टर स्वप्निल जुइकर, पुलिस कांस्टेबल परदेशी, पवार, निवाले, पुलिस नायक पारधी और महिला पुलिस कांस्टेबल शेख और ड्राइवर पुलिस नाइक सांबारे ने की है.

# बच्चे कर रहे है नशिले पदार्थो का सेवन

मुंबई : सिगरेट पीनेवाले लोग अब व्हेप का प्रयोग कर रहे हैं। युवाओं के साथ-साथ अब स्कूली बच्चे भी व्हेप पीने के आदी हो गए हैं। बच्चे बाथरूम में धूम्रपान करते हुए पाए जा रहे हैं, इसका खुलासा एक स्कूल के ओरिएंटेशन कार्यक्रम में हुआ। इससे माता-पिता भयभीत हो गए है। बताया गया कि आधे से ज्यादा माता-पिता नहीं जानते थे कि व्हेपिंग क्या होता है? हमारे बच्चे कहीं इस व्हेपिंग के शिकार तो नहीं हो गए हैं? इसे पता करना और उन्हें इससे बाहर निकालना अभिभावकों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। किशोरावस्था एक ऐसा समय होता है जब लड़के-लड़कियों में अच्छे और बुरे के बीच अंतर करने की बौद्धिक क्षमता नहीं होती है। नई चीजों को आजमाने का साहस, दोस्तों द्वारा दी गई चुनौती आदि के चलते बच्चे बहक जाते हैं। अल्हड आयु में हाथों में मोबाइल फोन आने से जानकारियों का मायाजाल खुल गया है। माता-पिता काम के कारण घर से दूर रहते हैं। ऐसे में उन्हें इस बात की



जानकारी नहीं होती है कि बच्चे स्कूल या घर पर क्या कर रहे हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने साल २०१९ में ई-सिगरेट के साथ ही व्हेप के आयात-निर्यात और बिक्री पर रोक लगा दी है। हालांकि, विदेशों में विभिन्न कंपनियों द्वारा उत्पादित ई-सिगरेट और व्हेप का हिंदुस्थान में अवैध रूप से आयात और बिक्री की जा रही है। ई-सिगरेट अथवा व्हेप के इस्तेमाल से डिप्रेशन हो सकता है। ई-सिगरेट की लत लगाने वालों को हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। सेवन की मात्रा ज्यादा होने पर ब्लड क्लॉटिंग की समस्या भी हो सकती है। ई-सिगरेट में डायथिलीन ग्लाइकोल नामक खतरनाक रसायन होता है, जो बच्चों और युवा-व्यस्कों दोनों के लिए हानिकारक होता है। इससे सांस लेने में दिक्कत होती है। लगातार खांसी, फेफड़े में चोट आदि के लक्षण दिखाई देते हैं। ई-सिगरेट अथवा व्हेप पेन एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है, जो तरल पदार्थ को गर्म करता है और उसे वाष्प में परिवर्तित करता है। इसमें निकोटीन, विभिन्न तरह के फ्लेवर्स और अन्य पदार्थ शामिल होते हैं। ई-सिगरेट का इस्तेमाल स्मोकिंग के लिए ज्यादा होता है।

# ठाणे में पार्किंग बंद है! मनपा की पार्किंग नीति कागज पर ही सिमटी

ठाणे : ठाणे शहर में वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है लेकिन उस अनुपात में वाहनों की पार्किंग स्पेस नहीं बढ़ रही। ऐसे में ठाणेकरों में वाहनों की पार्किंग के लिए टेंशन बढ़ती जा रही है। दूसरी तरफ मनपा ठाणेकरों की समस्या को सुलझाने के लिए कुछ विशेष करती नहीं दिख रही है। मनपा की पार्किंग नीति केवल कागजों में ही सिमटकर रह गई है। मिली जानकारी के अनुसार गांवदेवी स्थित दोपहिया पार्किंग बंद है जबकि नौपाड़ा स्थित पार्किंग के लिए आरक्षित भूखंड पर अवैध निर्माण किया गया है। बता दें कि ठाणे स्थित ज्यूपिटर अस्पताल से सटे फैसिलिटी प्लॉट पर मल्टी लेवल पार्किंग की सुविधा देने का निर्णय मनपा ने लिया था। यहां करीब १,००० वाहनों को खड़ा किया जा सकता था। हालांकि, अब महानगरपालिका ने उस स्थान पर अस्पताल बनाने की घोषणा की है। लिहाजा, यह पार्किंग प्लाजा हाथ से निकल गया। गांवदेवी में पार्किंग प्लाजा शुरू हुआ परंतु उसके बगल में दोपहिया पार्किंग पिछले दो साल से बंद है। नौपाड़ा में आरक्षित पार्किंग पर अतिक्रमण कर लिया गया है। मनपा की सीमा में वाहनों की संख्या दिनों-दिन बढ़ती जा रही है, ऐसे में पार्किंग की सुविधा नहीं होने के कारण पार्किंग को लेकर मारपीट की आशंका बनी हुई है। ठाणे शहर में वाहनों के लिए पार्किंग की पर्याप्त सुविधा नहीं है। पार्किंग को लेकर मनपा के अधिकतर प्रयोग विफल हो चुके हैं। गांवदेवी मैदान के नीचे महानगरपालिका ने अंडरग्राउंड पार्किंग की व्यवस्था की। अब वहां वाहन खड़े होने लगे हैं। अभी इस जगह पर ६५ वाहन ही खड़े किए जा सकते हैं। पोखरण रोड नं. २ पर बनाए गए पार्किंग प्लाजा की जगह पर जब्त रिक्शे और बैलगाड़ी खड़ी कर दी गई है। ठाणे महानगरपालिका ने वर्ष २०१४ के आसपास पार्किंग नीति की घोषणा की थी। मनपा द्वारा १६६ सड़कों का सर्वे किया गया था। दिन और रात की पार्किंग दरें तय की गईं। अगर यह नीति लागू होती तो ९,५०० वाहन खड़े किए जा सकते थे। शहर में कई जगह निजी लोगों द्वारा पार्किंग की व्यवस्था की गई है। देखने में आ रहा है कि वाहन चालकों को कुछ हद तक इसका फायदा हो रहा है लेकिन निजी पार्किंग संचालक मनमाना शुल्क वसूलते हैं।

# अवैध निर्माणों को लेकर पहले आंदोलन की धमकी, और हो जाते अचानक मौन

**जेकेएस संवाददाता**




भाईंदर : हाल में शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक ने शहर में हो रहे अवैध निर्माण की शिकायत मनपा आयुक्त से की थी। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी थी कि अगर अवैध निर्माण पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वह आंदोलन करेंगे। उनके निशाने पर मुख्य रूप से उनके अवैध डांस बार और लॉज थे, लेकिन अब उन्होंने अचानक इस पर 'चुप्पी साध ली है। शहर में हो रहे अवैध निर्माण के एक सवाल के जवाब में सरनाईक ने कहा कि अब उनका सारा ध्यान शहर के विकास पर है और वह राज्य सरकार से ज्यादा से ज्यादा निधि लाने का काम कर रहे हैं। इसी कारण वह अवैध निर्माण जैसे गौण मुद्दों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक बार तोडक कार्रवाई हो जाती है, लेकिन मनपा अधिकारियों की मिलीभगत से फिर निर्माण हो जाता है। मनपा पर लगा चुके हैं। भ्रष्टाचार का आरोप सरनाईक अवैध निर्माण कार्यों को लेकर विगत ४-५ वर्ष में कई शिकायत कर चुके हैं। वह अपने शिकायती पत्र में मनपा अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा चुके हैं। पूर्व नगरसेवक और समाजसेवक रोहित सुवर्णा ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि का इस तरह का बयान हताश करता है और दुर्भाग्यपूर्ण है। मीरा-भाईंदर में शुरू होंगे विकास कार्य सरनाईक ने कहा कि उनके प्रयास से राज्य सरकार ने मीरा-भाईंदर के लिए हजारों करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। जल्द ही पहले चरण में ५०० करोड़ रुपये के विकास कार्य शुरू होंगे। उन्होंने कहा कि कॉन्क्रीट सड़क, जल योजना, श्मशान आदि के लिए निधि जल्द आवंटित होगी।

# ई-टिकटों की कालाबाजारी करने वाला चढ़ा आरपीएफ नालासोपारा के हत्थे

वसई। गर्मियों की छुट्टी जैसे ही शुरु होती है, वैसे ही टिकट दलालों की चांदी होने लगती है। लेकिन उन्हें क्या पता हमारे पीछे आरपीएफ विभाग पैनी नजर गडाई हुई है। यही कारण है कि पिछले कई महीनों से आरपीएफ नालासोपारा द्वारा टिकट कालाबाजारी करने वाले टिकट दलालों पर शिकंजा कस रही है। वर्ष २०२३ में अबतक लाखो रुपये टिकट बरामद कर व कई टिकट दलालों को पकड चुकी है। इसी क्रम में आरपीएफ नालासोपारा ने नालासोपारा पूर्व इलाके में रेड कर एक ३४ वर्षीय टिकट दलाल को गिरफ्तार किया है। तथा उसके पाससे हजारो रुपये की टिकट जप्त किया है। बताया गया है कि २७ मार्च को आरपीएफ नालासोपारा के उप निरीक्षक सुभाषचंद्र यादव साथ हेड कॉन्स्टेबल जगदीश पाटिल व कॉन्स्टेबल टीकम सिंह सर्विलेंस के दौरान एक बाहरी व्यक्ति अरविन्द लोटन यादव उम्र ३४ वर्ष, निवासी- शर्मा वाडी नालासोपारा पूर्व को १० नग रेल आरक्षित-ई टिकट कीमत २०,४३५ रुपये अपनी व्यक्तिगत आई.डी से छापकर जरूरतमंदों को रुपए १०० से २०० रुपये प्रति व्यक्ति अधिक कमीशन लेकर बेचना बताया, जिसको जप्ती पंचनामा सहित पोस्ट पर लेकर वापस आया। निरीक्षक आरपीएफ राजीव सिंह सलारिया नालासोपारा द्वारा उक्त मामले की जांच स.उप निरी.रणजीत सिंह को देने के पश्चात उक्त बाहरी व्यक्ति का बयान दर्ज किया गया, जिसमे उसके द्वारा अपना गुनाह एजेंट आई.डी की आड में पर्सनल यूजर आई.डी से रेल ई-टिकटों का अवैध व्यापार करना कबूल किया। आरपीएफ सूत्रों ने कहा कि १० नग लाइव रेलवे आरक्षित ई टिकट कीमत २०,४३५ रुपये व अन्य सामग्री जप्त की गई है। फिलहाल, आरोपी के खिलाफ रेल अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया, उसके बाद आरपीएफ ने २८ मार्च आरोपी रेलवे न्यायालय वसई रोड के समक्ष पेश किया गया।

# गांजा तस्कारों पर पुलिस की कारवाई , आरोपी गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**




नायगांव। एमबीवीवी पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत एंटी-नारकोटिक्स सेल की टीम ने काशिमीरा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में गांजा तस्कर पर कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में सेल ने २२ किलो अधिक गांजा जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे व एसीपी अमोल मांडवे के मार्गदर्शन में एंटी-नारकोटिक्स सेल के पी.आई अमर मराठे व सपोनि.विलास कुटे की टीम ने की है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को दी है। पुलिस ने बताया कि मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत मीरारोड (पूर्व) क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई के तहत वरिष्ठों द्वारा मौखिक आदेश दिए गए, जिसके बाद २८ मार्च को एंटी-नारकोटिक्स सेल के पी.आई अमर मराठे, सपोनि.अमोल अंबावणे, पोहवा टक्के, विष्णुदेव घरबुडे, पो.शि.यादव आदि पुलिस टीम पेट्रोलिंग के रवाना हुई। इस दौरान मिरारोड (पूर्व) इलाके से रॉकी अच्छेलाल गौंड उम्र २१ वर्षे, एम.एस.चाल, गणेश नगर, धानिवबाग, नालासोपारा (पूर्व) को हिरासत में लिया। छानबीन के दरम्यान सेल की टीम ने उक्त शख्स के पास से २,२१,८००/- रुपये मूल्य का ११.०९० किलोग्राम वजन गांजा बरामद किया व सचिन गोटीप्रसाद कुमार उम्र २२ वर्ष, गणेश नगर, धानिवबाग, नालासोपारा (पूर्व) के पास २,१९,८००/- रुपये मूल्य का १०.९९० किलोग्राम वजन गांजा का बरामद किया। पुलिस ने बताया कि बरामद की गई मादक पदार्थ बिक्री के लिए आई थी। इस कार्रवाई में २२.०८० किलोग्राम (कीमत ४,४१,६०० रुपये) गांजा बरामद किया गया है। हालांकि आरोपी के खिलाफ काशिमीरा पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आगे की तहकीकात पुलिस कर रही है।

# गलतफहमी के चलते संदिग्ध बोट को लिया हिरासत में

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : पालघर से ४४ नॉटिकल मील दूर संदिग्ध बोट मिलने के मामले में अहम खुलासा हुआ है। मुंबई और पालघर के तट से ४४ समुद्री मील दूर तटरक्षक द्वारा जब्त की गई बोट में कोई पाकिस्तानी नाविक नहीं है। उत्तन मच्छीमार डेवलपमेंट को-ऑपरेटिव सोसायटी ने खुलासा किया है कि गलतफहमी की वजह से ऐसा हुआ। १ अप्रैल को तटरक्षक सीमा के भीतर रायगढ़ तट के ४० समुद्री मील के भीतर एक संदिग्ध बोट मिली। हालांकि, वह बोट उत्तन, मीरा-भायंदर की है और उसका नाम जलरानी है। इस नाव में १५ नाविक सफर कर रहे थे। इनमें नौ छत्तीसगढ़ के, चार झारखंड के हैं। संगठन के अध्यक्ष लियो कोलासो के अनुसार, जलरानी बोट का मालिक उत्तन का बेनहर जॉनी बूटी है और दो साल पहले इसे ठाणे जिला सेंट्रल बैंक के माध्यम से उत्तन मछुआरा विकास सहकारी समिति द्वारा वित्तपोषित किया गया था। पाकिस्तानी नागरिकों को ले जाने के संदेह में शनिवार की सुबह तटरक्षक बल ने बोट को हिरासत में ले लिया था। कोलासो ने कहा कि उनके पास बोट में सवार सभी पंद्रह नाविकों का आधार कार्ड है और उनमें से कोई भी पाकिस्तानी नागरिक नहीं है। जलरानी की नाव मछली पकड़ने गई है। बोट को किनारे पर लौटने का निर्देश दिया गया है। लियो कोलासो ने बताया कि नाव ने करीब साढ़े चार किलोमीटर के क्षेत्र में मछली पकड़ने के लिए जाल डाले थे, ऐसे में उन्हें लौटने में पांच घंटे और वापसी में कम-से-कम दो घंटे और लगेंगे। जलरानी बोट में बोट मालिक, उनके बेटे और १३ नाविकों सहित १५ लोग सवार थे।










# धर्म के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए : मुजफ्फर हुसैन

पृष्ठ १ का शेष

सम्बोधन पर हुसैन ने कहा कि, नया नगर में कभी कोई टेररिस्ट नहीं पकड़ा गया। ना ही कोई कश्मीरी आतंकवादी यहाँ से मिला। किस बेस पर ऐसी नफरत फैलाई जा रही है। एक भी लव जिहाद के केस नया नगर से नहीं सुनने में आया। जनता पढ़ी लिखी है वह सब देख रही है। प्रदेश कांग्रेस ने मोदी-अडानी भ्रष्ठ गठबंधन का पर्दाफाश करने के लिए राज्य के ऑलमोस्ट सभी जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने ठाणे में। विधायक दल के नेता बालासाहेब थोरात अहमदनगर, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण परभणी, पृथ्वीराज चव्हाण पुणे, जबकि विधान परिषद के गट नेता ए. सतेज पाटिल ने सांगली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नसीम खान पालघर में, आमदार कुणाल पाटिल नासिक में, बसवराज पाटिल धाराशिव में, यवतमाल में शिवाजीराव मोघे, पिंपरी चिंचवाड में प्रणीति शिंदे, प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता अतुल लोंधे ने चंद्रपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और पूर्व मंत्रियों और विधायकों ने अपने अपने क्षेत्र में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर लोगों को देश की स्थिति से औगत कराने की कोशिश की।




# हिस्ट्रीशीटर ने फ्लैट में की लाखों की चोरी...

पृष्ठ १ का शेष

शॉर्टलिस्ट किया, जिन्होंने इस तौर-तरीके का इस्तेमाल किया और मुंबई, ठाणे, पालघर और यहां तक कि राजस्थान में ४० से अधिक घर तोडने में शामिल हिस्ट्रीशीटर शेख पर ध्यान केंद्रित किया। पुलिस टीम ने उसके कब्जे से चोरी गए एक बडा हिस्सा बरामद कर लिया है। नशे के आदी शेख पर चोरी, अनधिकृत प्रवेश और घर में सेंध लगाने का मामला दर्ज किया गया है। बुधवार को जिला सत्र न्यायालय, ठाणे के समक्ष पेश करने के बाद उसे ३१ मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है।


















## भाईंदर में गणगौर महोत्सव के आयोजन में उमडा जनसैलाब



भाईन्दर। श्री सप्तेश्वर सालासर हनुमान मंदिर भाईन्दर के तत्वावधान में गणगौर महोत्सव का भव्य आयोजन जैसल पार्क चौपाटी पर किया गया। इस मौके पर पदमश्री गुलाबो सपेरा व उनकी टीम द्वारा कालबेलिया, और कई मनभावन लोक नृत्य पेश किए गएं। करीब पांच हजार दर्शकों की मौजूदगी में आयोजन के मुख्य प्रायोजक तथा पूर्व विधायक नरेंद्र मेहता ने नागरिकों के उत्साह की सराहना करते हुए मूल संस्कृति के संरक्षण हेतु सहयोगियों का आभार जताया। मेहता और मुख्य अतिथि मुकेश अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, सुगन मेहता और पूर्व महापौर डिंपल मेहता ने विजेता महिलाओं को सम्मानित किया। इन महिलाओं को सुंदर गोईसर-गौरा (शिव पार्वती) बनने, उत्कृष्ठ परिधान तथा ईसर-गौरा की सजावट संबंधी स्पर्धा हेतु पुरस्कृत किया गया। मंदिर प्रबंध समिति के कार्याध्यक्ष नंदू पोद्दार, सचिव बिमल अग्रवाल व पूर्व नगरसेविका शानू गोहिल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में फिल्म अभिनेत्री दीपिका सिंह तथा अभिनेता सभी अग्रवाल और गायक प्रेम बियाला ने भाग लिया। इस दौरान पूर्व उप महापौर हसमुख गहलोत सहित २० से व्याधिक पूर्व नगरसेवक- नगरसेविकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र पोरवाल ने बखूबी किया।

## चुनाव की दस्तक से मिरा भाईंदर में योजनाओं की भरमार, विधायक प्रताप सरनाईक देंगे सुविधाओं की सौगात

**जेकेएस संवाददाता**

मीरा-भाईंदर : जैसे जैसे चुनाव नजदीक आता है वैसे राजनेताओं को अपने शहरवासियों की याद आने लगती है. वोट बैंक बटोरने के चक्कर में कई योजनाओं का शुभारंभ करते है और कई सुविधाओं की सौगात देने की बात करते है. इसी क्रम में ओवला माजीवाडा विधानसभा १४६ के विधायक प्रताप सरनाईक में अपने विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न सुविधाओं की सौगात देने की घोषणा की है। मनपा पत्रकार कक्ष मे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने लगभग ५०० करोड रुपए विधानसभा क्षेत्र में खर्च किए जाने की जानकारी दी। ज्ञात हेकि विधायक प्रताप सरनाईक ओवला-माजीवाडा विधानसभा से तीसरी बार विधायक चुने गए हैं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के कार्यों की जानकारी देते हुए बताया की राज्य शासन के माध्यम से मई महीने में विभिन्न तरीके की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा की इन सभी विकास कार्यों का भूमिपूजन आने वाले १० मई को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों किया जाएगा।

५ करोड.रुपए की लागत से फुटबॉल टर्फ का निर्माण किया जाएगा।

५० करोड. रुपए की लागत से समशान भूमि तथा दहन भूमि का निर्माण किया जाएगा।



साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर चेना रीवर फ्रंट का निर्माण किया जाएगा।

२५ करोड.की लागत से फुटपाथ के किनारे रेलिंग लगाने का कार्य किया जाएगा।

वार्ड क्रमांक १४ के आरक्षण क्रमांक ३०२ के आरोग्य केंद्र की जगह पर २२ करोड.की लागत से राज्य शासन द्वारा संचालित दो मसले का अस्पताल बनाया जाएगा।

जहां नागरिक बस्ती न हो ऐसी जगह पर कचरे के लिए रिसाईक्लिंग मशीन लगाया जाएगा जिसके द्वारा उत्पन्न खाद को किसी महिला बचत गट द्वारा पैकिंग किया जाएगा।

प्रभाग क्रमांक १४ में २ करोड.की लागत से अब्दुल कलाम साइंस पार्क बनाया जाएगा जिसमें युवाओं और बच्चों को टेक्नालॉजी के बारे में जानकारी दी जाएगी।

शहर में २० करोड.की लागत से पते की जानकारी हेतु डिजिटल बोर्ड लगाया जाएगा।

ट्राफिक की समस्या से बच्चों को जागरूक करने के लिए ट्राफिक गार्डेन बनाया जाएगा जिसमें बच्चों को ट्रैफिक से जुडी सभी जानकारी दी जाएगी।

प्रभाग क्रमांक १४ के आरक्षण क्रमांक ३६८, २३०, २४२, १२२ में ओलंपिक खेलों में जाने वाले बच्चों के लिए स्विमिंग पूल सहित विभिन्न खेल उपक्रमों का निर्माण किया जाएगा

मीरा-भाईंदर में स्थित कुल २७ आदिवासी पाडे.में ५ करोड.की लागत से अत्याधुनिक सोलर लाइट लगाया जाएगा।

मीरा भायंदर शहर में ५ करोड.की लागत से तानाजी गार्डन का निर्माण कराया जाएगा

विधानसभा क्षेत्र के सभी तलाव का सुशोभीकरण व म्यूजिकल फाउंटेन का निर्माण ५० करोड.की लागत से कराया जाएगा।

पालिका क्षेत्र के सभी कुए को नीचे से साफ कर कुएं के आसपास के सभी गटरो को दिशा परिवर्तन कर वाटर फिल्टर प्लांट ५० करोड.की लागत से लगाया जाएगा।

राज्य शासन के माध्यम से लता मंगेशकर विद्यापीठ से संलग्न आरक्षण क्र. २४६ में विद्यालय का निर्माण कराया जाएगा।

मीरा भाईंदर के सभी उद्यानों में महिलाओं के लिए सर्व सुविधा युक्त जाएगा। एसी शौचालय का निर्माण २५ करोड.की लागत से कराया जाएगा।

मीरा भाईंदर के सभी गार्डन में शौचालय के बगल में बच्चों के लिए अत्याधुनिक अभ्यासिका की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी

घोडबंदर में ५४ करोड रुपए की लागत से शिवसृष्टी प्रकल्प का शुरुआत किया जाएगा।

मीरा भाईंदर में बच्चों को तथा जेष्ठ नागरिकों को बैठने के लिए। अलग-अलग डिजाइन के बैठक ९ करोड की लागत से बनवाया जाएगा

आरक्षण क्रमांक ३७० में सिंधुताई तीरंदाजी प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया जाएगा

आरक्षण क्रमांक २४८ में बगीचा सदगुरु संत महाराज सभागृह बनाया जाएगा।

आरक्षण क्रमांक २२० में मैथिली समाज भवन तथा बंगाली समाज भवन का निर्माण कराया जाएगा।

आरक्षण क्रमांक २४८ में हरिश्चंद्र आमगांव जिमनास्टिक सेंटर एक करोड. की लागत से बनाया

आरक्षण क्रमांक ३१० में सरदार वल्लभभाई भवन एक करोड.की लागत से बनाया जाएगा जाएगा.

## स्नेहा पांडे ने स्पोर्ट्स कांप्लेक्स को चालु कराने की मांग की, आयुक्त को लिख पत्र

भायंदर। शिवसेना की पूर्व नगरसेविका स्नेहा शैलेश पांडे ने मीरा भाईंदर महानगरपालिका के आयुक्त दिलीप ढोले को पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि भाईंदर पूर्व ,न्यू गोल्डन नेस्ट हनुमान मंदिर के बगल में स्थित लोकनेता गोपीनाथ मुंडे इन्डोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जल्द ही खिलाडियों एवं आम नागरिकों एवं सदस्यों के लिए शुरू किया जाए, वरना वे खिलाडी एवं नागरिकों के साथ जन आंदोलन करेंगी। लोकनेता स्वर्गीय गोपीनाथ मुंडे इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स पिछले ६ महीने से बंद पडा हुआ है, जिससे जो भी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के फीस धारक सदस्य हैं, उन्हें खेल की सुविधाओं से वंचित रहना पड. रहा है, जिसके कारण मीरा भाईंदर क्षेत्र के जो खिलाडी हैं, जो राष्ट्रीय स्तर ,राज्य स्तर ,एवं जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं की तैयारी कर रहे थे ,उनके खेल प्रदर्शन पर भी इसका विपरीत असर पडा है। जिससे खिलाडियों और आम जनता में आक्रोश व्याप्त है। मीरा भाईंदर शहर के खिलाडी इस इनडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में प्रशिक्षण लेकर अपने मीरा भाईंदर शहर का नाम देश में रोशन कर सकते हैं ,लेकिन ६ महीने से बंद पडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मीरा भाईंदर महानगरपालिका के प्रशासन के उदासीनता को दर्शाता है। मीराभाईंदर महानगरपालिका के प्रभाग क्रमांक १० की पूर्व नगरसेविका स्नेहा शैलेश पांडे एवं शिवसेना प्रवक्ता-शैलेश पांडे ने इस विषय पर पहले भी कई बार आयुक्त को पत्र व्यवहार कर निवेदन दिया था लेकिन मांग न माने जाने के कारण एकबार फिर लिखित चेतावनी दी है कि यदि १ सप्ताह के भीतर खिलाडियों ,फीस धारक सदस्यों तथा आम जनता के लिए स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स शुरू नहीं किया गया तो वह उनको साथ में लेकर जन आंदोलन करेंगे।



## महाविकास आघाडी के कार्यकाल में किले के संवर्धन के लिए मिली अनुमती

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर : भायंदर (प.) में अरब सागर के किनारे पाली-उत्तन स्थित ऐतिहासिक जंजीरे धारावी किले के संरक्षण और संवर्धन के प्रथम चरण का कार्य शीघ्र शुरू होगा। इसके लिए क्षेत्रीय पर्यटन विकास योजना के तहत २५ करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। इस राशि के लिए राज्य सरकार से सतत प्रयत्न करनेवाले शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद राजन विचारे का सम्मान चैत्र नवरात्रोत्सव के दौरान जंजीरे धारावी किला संवर्धन समिति के अध्यक्ष श्रेयश



सावंत व सचिव रोहित सुवर्णा तथा शिवप्रेमी सदस्यों ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मुजफ्फर हुसैन भी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि पिछले २६ वर्षों से जंजीरे धारावी किले के संरक्षण के लिए स्थानीय समाजसेवी व पूर्व नगरसेवक रोहित सुवर्णा प्रयत्नशील थे। आखिर इस कार्य के लिए सांसद राजन विचारे ने महाराष्ट्र राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे से ३० करोड़ रुपए की मांग की थी। इसमें से २५ करोड़ की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है और १० करोड़ की राशि मीरा-भायंदर मनपा को आवंटित की जा चुकी है, इसलिए पहले चरण का काम शीघ्र शुरू होगा। सुवर्णा ने अपनी अभिव्यक्ति में कहा कि महाविकास आघाडी के कार्यकाल के दौरान सांसद राजन विचारे ने किले के संवर्धन के लिए निधि और कई वर्षों से लंबित नरवीर चिमाजी अप्पा की प्रतिमा की स्थापना के लिए जिलाधिकारी से सभी आवश्यक अनुमति दिलाई। हाल ही में ६ मार्च को इस किले में विजय महोत्सव मनाया गया, लेकिन इस कार्यक्रम में राजन विचारे के शामिल नहीं होने के कारण सभी शिवप्रेमी उन्हें सम्मानित करने के लिए ठाणे पहुंचे और सांसद राजन विचारे को सम्मान चिह्न देकर सम्मानित किया।

## भाईंदर के एस.आर क्लासेस में हुई मारपीट, आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जेकेएस संवाददाता**

भायंदर। क्लासेज के स्वामित्व को लेकर चल रहे विवाद में दो लोगों पर हमला कर बुरी तरह घायल करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। यह घटना एसआर क्लासेस, फर्स्ट फ्लोर, अमित टावर, गुरुद्वारा गली, नवघर रोड, भायंदर ईस्ट में घटित हुई। पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक साझेदारी में शुरू किए गए एस आर क्लासेज के स्वामित्व को लेकर पंकज सिंह का अन्य साझेदारों विवेक योगेंद्रनाथ राय, पूर्णेंदु योगेंद्रनाथ राय और सिद्धार्थ सांघवी के बीच पिछले





काफी समय से विवाद चल रहा है। पिछले दिनों पंकज सिंह अपने भाई प्रवीण सिंह तथा एक मित्र राम सिंह के साथ संपत्ति की वर्तमान स्थिति की जांच करने के लिए गए थे, क्योंकि वे धारा ११ के तहत उच्च न्यायालय में फाईल करने के लिए मसौदा तैयार कर रहे थे। प्रवीण सिंह और राम सिंह दोनों अपनी सुरक्षा के लिए घटना को रिकॉर्ड करने के लिए अपने वीडियो के साथ मोबाइल ले जा रहे थे, क्योंकि विवेक योगेंद्रनाथ राय, पूर्णेंदु योगेंद्रनाथ राय और सिद्धार्थ सांघवी जो एस एस क्लासेज नवघर पुलिस स्टेशन के सामने चलाते है ने पहले भी कई बार उन्हें धमकी दी थी। अचानक विवेक योगेंद्रनाथ राय, जो पहले से ही कार्यालय में बैठे थे, पूर्व नियोजित इरादे और गंभीर चोट पहुंचाने के इरादे से, प्रवीण सिंह के पीछे आ गए और बिना किसी चेतावनी के और पूरी ताकत से उनके दाहिने हाथ पर एक तेज कडे.से वार किया, जिससे उनका मोबाइल हवा मे उछल गया और खतरनाक हमले से प्रवीण सिंह के दाहिने हाथ में फ्रैक्चर हो गया। और फिर विवेक राय ने अपने भाई पूर्णेन्दु राय के साथ मिलकर प्रवीण सिंह, उनके भाई और राम सिंह पर घेरकर हमला किया और दोनों को तेज धारदार कडे, घूंसों, और अन्य हथियारों से मारना शुरू कर दिया जिससे उनके भाई के बाएं हाथ में फ्रैक्चर और उनके शरीर पर कई गंभीर चोटें आ गई। जिसके बाद घटना की एफआईआर नवघर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई।

मामले की जांच में जुटी पुलिस ने गुडी पाडवा के दिन विवेक एवं पुर्णेंदु राय को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष २०१८ में मारपीट का मामला राय बंधुओं के विरूद्ध नया नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ था, और उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

## आनंद चेरिटेबल ट्रस्ट ने शैलेश पांडे का किया सत्कार



भायंदर। शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) के राष्ट्रीय प्रवक्ता, समाजसेवक शैलेश पांडे को आनंद चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा उत्तरभारतीय समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा शिवसेना सांसद राजन विचारे ने २४ मार्च को स्वर्गीय धर्मवीर आनंद दिघे मैदान, ठाणे में आनंद चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित चैत्र नवरात्रि उत्सव में उन्हें इस सम्मान से सम्मानित किया गया। सांसद राजन विचारे ने शैलेश पांडे को शॉल , स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया । शैलेश पांडे ने आयोजन समिति एवं सांसद राजन विचारे का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि सम्मान मिलने से समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और बढ.गई है। इस अवसर पर उत्तर भारतीय जिला सम्पर्क प्रमुख सुरेश दुबे,जिला प्रमुख राजेश सिंह,शहर प्रमुख शिवशंकर तिवारी समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## प्रताप फाउंडेशन द्वारा आयोजित चैत्र नवरात्र का पांचवा दिन धूमधाम से संपन्न हुआ





**जेकेएस संवाददाता**

भाईन्दर/ प्रताप सरनाईक फाऊन्डेशन द्वारा आयोजित भव्य नवरात्रि में ५ दिन उत्तर भारतीय समाज के भक्तिधारा को समर्पित रहा। विधायक प्रताप सरनाईक के कुशल नेतृत्व एवं कार्यक्रम के कार्याध्यक्ष श्री विक्रम प्रताप सिंह जिलाप्रमुख राजू भोईर,महिला जिला संगठक निशा नार्वेकर,डा.सचिन मांजरेकर के नेतृत्व में हजारों शिवसेना के पदाधिकारी कार्यक्रम को यादगार बनाने में लगे है। उत्तर भारतीय के कर्मठ समाजसेवी,उद्योगपति,व्यापारियों के साथ हजारों की भीड.कार्यक्रम को भव्यता प्रदान कर रही है। उपस्थित मेहमानों का अभिनंदन सत्कार विधायक प्रताप सरनाईक के नेतृत्व में किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति स्नेहा उपाध्याय जी,राधा मौर्या,मुकेश त्रिपाठी,शशिकांत मिश्रा ने भक्तिमय समा बांधा तो उपस्थित जनसमुदाय ने मातारानी के जयकारों से कार्यक्रम स्थल को भक्तिमय कर दिया किया,उपस्थित समाज बंधुओ और उत्तर भारतीय समाज का विधानसभा प्रमुख शिवसेना विक्रम प्रताप सिंह एवं उत्तर भारतीय जिला प्रमुख शिवसेना विद्या शंकर चतुर्वेदी ने आभार प्रकट किया.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक-मुद्रक सीमा गुप्ता के लिए (प्रिंटिंग) सागर प्रिंट एंड प्रोसेस, प्रगती इंडस्ट्रीयल, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - ४०००११ से मुद्रित १०१, १ला माला सेक्टर ११ सी-२८, टी.एम.टी. बस स्टॉप के पीछे, शांतिनगर, मीरारोड (पूर्व), जिला थाना ४०११०७ (महाराष्ट्र) से प्रकाशित संपादक - सीमा गुप्ता, उप संपादक मोहम्मद अहमद निसार अहमद, सलाहकार : सुधाकर डी., पी.आर.बी अधिनियम के अंतर्गत समाचारों के चन के लिए उत्तरदायी है। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र केवल जिला थाना रहेगा।
RNI NO. MAHHIN/2004/17839 Mob.No.9004895944 Email :newsjankalyanseva@gmail.com wwwjankalyanseva.com; Jankalyan Seva GST No. 27AGUPG9011BIZI